**उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।
(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः– 89 /गोपन/2025–26 दिनांकः 10 जून, 2025

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–61/उ0अ0से0च0आ0/2024 दिनांक 17 सितंबर, 2024 में विज्ञापित **आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक** व अन्य पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया। उक्त पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 08 दिसंबर, 2024 को आयोजित की गयी। लिखित प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर आयोग की विज्ञप्ति संख्या 474/परीक्षा(गोपन)/2024–25 दिनांक 31 जनवरी, 2025 द्वारा टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा हेतु औपबंधिक श्रेष्ठता सूची जारी की गयी।

आयोग की विज्ञप्ति संख्या 70/गोपन/2025–26 दिनांक 03 जून, 2025 के अनुसार उक्त टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा देहरादून जनपद में दिनांक 16 जून, 2025 से एवं नैनीताल (हल्द्वानी) जनपद में दिनांक 02 जुलाई, 2025 से निर्धारित की गयी है।

उक्त परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 09 जून, 2025 से आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित कर दिये गये हैं। अभ्यर्थी अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को डाक द्वारा पृथक से प्रवेश–पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा में प्रतिभाग करने से पूर्व विज्ञापन में पदों व उनसे संबंधित अर्हताओं का भली–भाँति अवलोकन कर लें।

अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा डाउनलोड प्रवेश–पत्र पर बार–कोड भी अंकित हो। टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश–पत्र एवं पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

(राजन नैथानी)
अनुसचिव।